हरिभूमि
# कोरबा भूमि
बिलासपुर, मंगलवार 16 अप्रैल 2024
[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]

तापमान
अधिकतम 42.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

4
21 दिन में जांची गई बोर्ड परीक्षाओं की तीन लाख से अधिक उत्तरपुस्तिकाएं



बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल
लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें :- 7400009183

# अब मैकेनिकली कव्हर्ड वाहनों से किया जाएगा कोयला परिवहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रदूषण पर काबू पाने के लिए कई तरह की गाइडलाईन लागू की जाती है लेकिन उद्योगों के दबाव में ढील भी दे दी जाती है। जिन खनिजों के परिवहन से डस्ट होता है, उसके लिए मैकेनिकली कव्हर्ड कास उपयोग करना पड़ेगा। 2021 में बने इस नियम में जुलाई 2024 तक ही ढील दी गई है। इसके बाद सभी उद्योगों को इसका पालन करना पड़ेगा।

अलग खबर

उल्लेखनीय है कि कोयला, आयरन ओर, लाइमस्टोन, सीमेंट आदि के परिवहन में डस्ट उत्सर्जित होता है जिससे प्रदूषण होता है। छग पर्यावरण संरक्षण मंडल ने 12 अगस्त 2021 को निर्णय लिया था कि अब मैकेनिकली कव्हर्ड ट्रकों से ही इन खनिजों का परिवहन किया जाए। स्पंज आयरन उद्योग, सीमेंट प्लांट, कोल वॉशरी को अनुमति देने पर यह शर्त भी रखी जानी है कि वे खनिजों का परिवहन ऐसे विशेष ट्रकों में करेंगे लेकिन उद्योगों के निवेदन पर सीईसीबी ने इसमें दो साल की छूट दी थी। इस अवधि में भी उद्योगों को कच्चे माल व उत्पादों की ढुलाई तारपोलिन या उपयुक्त मटेरियल से ढंककर किया जाना था। छूट की अवधि 12 जुलाई 2023 को समाप्त हो चुकी है। अब सीईसीबी ने छूट को बढ़ाकर 12 जुलाई 2024 तक कर दिया है। इसके बाद उद्योगों को मैकेनिकली कव्हर्ड ट्रकों का इस्तेमाल करना होगा।

## वर्ष 2021 में जारी हुई थी गाइडलाइन

**खास बातें**
- सीईसीबी ने 13 जुलाई 2024 तक दी है ढील
- प्रदूषण से बचने शासन ने जारी की गाइड लाइन



## प्रदूषण का सबसे बड़ा कारण रोड

जिले में सबसे ज्यादा प्रदूषण खराब सडक के कारण होता है। सडक पर फैली डस्ट उडने से प्रदूषण बढ़ रहा है। गाडियों से कोयला और फ्लाई एश गिरने के कारण भी प्रदूषण बढ़ता जा रहा है। मैकेनिकली कव्हर्ड ट्रकों के इस्तेमाल से शायद इसमें कमी आए।

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना आज दाखिल करेंगी नामांकन



**कोरबा।** कोरबा लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना महंत मंगलवार को अपना नामांकन दाखिल करेंगी। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरण दास महंत, प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व पीसीसी अध्यक्ष मोहन मरकाम उपस्थित रहेंगे। जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप जायसवाल ने बताया कि दोपहर 1 बजे कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना महंत नामांकन दाखिल करने के लिए कांग्रेस नेताओं के साथ कलेक्टोरेट पहुंचेंगी। सादगीपूर्ण तरीके से नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी। उसके पश्चात घंटाघर ओपन थियेटर में आमसभा आयोजित की जाएगी जिसे कांग्रेस नेता संबोधित करेंगे।

### शीतल शरबत का शुभारंभ आज से

**कोरबा।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी गर्मी के दिनों में पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल के द्वारा कांग्रेस कार्यालय के समीप शीतल शरबत का शुभारंभ 16 अप्रेल से सुबह प्रातः 11 बजे से किया जाएगा। उपरोक्त जानकारी देते हुए पूर्व विधायक जयसिंह अग्रवाल के निज सचिव सुरेश कुमार अग्रवाल ने बताया कि शांति देवी मेमोरियल सोसाईटी एवं शांति हीरो के सहयोग से प्रतिवर्ष गर्मी के दिनों मे राहगीरों को निःशुल्क शीतल शरबत उपलब्ध कराया जाता है। इस वर्ष यह व्यवस्था टी पी नगर स्थित कार्यालय के समक्ष किया गया है। शुभारंभ के अवसर पर समाज प्रमुखजनों, कांग्रेस पदाधिकारी एवं आमजनों को आमंत्रित किया गया है।

### अब तक कुल 13 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र किया क्रय

**कोरबा।** लोकसभा चुनाव अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 4 कोरबा के लिए सोमवार को 2 अभ्यर्थियों महेन्द्र कुमार श्रीवास निर्दलीय एवं शोबरन सिंह सैमा निर्दलीय ने नामांकन पत्र क्रय किया। अब तक कुल 13 अभ्यर्थियों ने जिला कार्यालय पहुंचकर नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया। विगत 12 अप्रैल को 11 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र क्रय किया है एवं गोड़वाना गणतंत्र पार्टी के अभ्यर्थी श्याम सिंह मरकाम ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया है।

### मतदान कर्मियों को दिया गया द्वितीय चरण का प्रशिक्षण

**कोरबा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत के निर्देशन में जिले के सभी विकास खंडों में मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। विद्युत गृह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को मतदान कर्मियों को द्वितीय चरण का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिसमें पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्रमांक 1, 2 व 3 शामिल हैं। यह प्रशिक्षण दो पालियों में आयोजित हुआ। प्रथम पाली प्रातः 9.30 से 12.30 बजे तक एवं द्वितीय पाली दोपहर 1 बजे से सायं 4 बजे तक आयोजित हुई। इसी प्रकार जिले के अन्य विकासखण्डों में भी मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण उपलब्ध कराया गया। गौरतलब है कि विगत 2 अप्रैल से मतदान कर्मियों को प्रथम चरण का प्रशिक्षण दिया गया है।

### पहले शाम होते ही हो जाता था अंधेरा, सुरक्षा व्यवस्था को लेकर रहता था खतरा

# जेल में सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने के लिए वॉल गार्ड के चारों तरफ लगाई गई एलइडी लाइट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला जेल में बंद बंदियों की सुरक्षा व्यवस्था लगातार बेहतर किया जा रहा है। पहले ही जेल के अंदर की सुरक्षा व्यवस्था तगड़ी हो गई है तो वहीं अब बाहर की सुरक्षा व्यवस्था भी पुख्ता किया जा रहा है। जेल के चारों ओर बने वॉल गार्ड पहले अंधेरा रहता था जहां अब लगभग 40 एलईडी से रोशन किया गया है ताकि असमाजिक तत्व जेल के आसपास भी ना फटक सके और जेल की सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद बनी रहे।

उल्लेखनीय है कि जिला जेल में हमेशा क्षमता से अधिक बंदियों की संख्या बनी रहती है। जेल मुख्यालय के निर्देशों के आधार पर जेल के चारों तरफ तीन दर्जन से अधिक हाई फ्रीक्वेंसी कैमरा भी लगाया गया है तो वहीं दूसरी ओर जेल के बाहर वॉल गार्ड पूर्व में शाम होते ही पूरा इलाका सुनसान व अंधेरा हो जाता था जिसे लेकर हमेशा खतरा मंडराते रहता था तो कोई असामाजिक तत्व आसपास ना आ जाए।

जेलर विजयानंद सिंह ने जेल के चारों ओर बने वॉल गार्ड की सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए उसके चारों तरफ लगभग 40 एलईडी लाइट लगाया गया है ताकि वॉल गार्ड के आसपास कोई भी आना-जाना ना कर सके। यदि कोई गलती से यहां पहुंचे तो उसकी कैमरे से निगरानी भी हो सके। अब शाम 6 बजे से ही वॉल गार्ड के चारों तरफ दूधिया रोशनी नजर आती है जिससे जेल की सुरक्षा व्यवस्था और पुख्ता हो गई है। जेल के चारों ओर बने वॉच टावर से भी अब बेहतर निगरानी हो रही है ताकि किसी तरह की असामाजिक गतिविधि इलाके में ना हो।



जेल की वॉल गार्ड जहां लगी है लाइटें।

## 3 महिलाओं समेत 15 बंदी 9 दिनों का कर रहे उपवास

जेलर विजयानंद सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि जेल में कुल 276 बंदी बंद हैं। जिनमें 256 पुरुष व 20 महिलाएं शामिल हैं इनमें से कुल 15 बंदी जेल में नवरात्रि की नौ दिनों तक उपवास कर रहे हैं। जिसमें तीन महिला और 12 पुरुष कैदी शामिल हैं। इनमें से 12 पुरुष कैदियों की उपासना के लिए उन्हें अलग से बैरक में शिफ्ट किया गया है। जहां प्रतिदिन सुबह और शाम उपवास करने वाले बंदियों के साथ-साथ जेल में जमकर माता की भक्ति की जा रही है और उपवास करने वाले बंदियों के लिए अलग से फलाहार की भी व्यवस्था जेल में जेल मैनुअल के तहत किया जा रहा है।

# सूरजपुर से केंदई पहुंचा लोनर, वन विभाग अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सरगुजा क्षेत्र में तीन लोगों पर हमला कर घायल कर देने वाला लोनर हाथी अब सूरजपुर के रास्ते जिले के कटघोरा वन मंडल अंतर्गत केंदई रेंज के धजाक गांव में पहुंच गया है। दंतैल के जिले में आने की सूचना मिलते ही वन विभाग सर्तक हो गया है और वन अमला द्वारा लोनर हाथी की निगरानी थर्मल ड्रोन कैमरे के जरिए शुरू कर दी गई है। लोनर की हर गतिविधियों पर नजर रखा जा रहा है। वहीं केंदई रेंज के ही कोरबी बीट अंतर्गत मातिनदाई मंदिर के समीप डपिंग एरिया में घूम रहा चेतक हाथी बीती रात आगे बढ़कर कापानवापारा पहुंच गया और वहां मौजूद 22 हाथियो के झुण्ड में शामिल हो गया। जबकि 13 हाथियो का झुण्ड लालपुर क्षेत्र में विचरण कर रहे हैं। यहां 18 हाथियों का झुण्ड सक्रिय था। जिसमें से 5 हाथी सोमवार की सुबह अलग हुए और बनिया क्षेत्र में जंगल का रास्ता तय करते हुए पहुंच गया है। बनिया क्षेत्र में 5 हाथियों के पहुंचने की सूचना संबंधित वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दी गई। जिस पर वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचकर हाथियो की निगरानी में जुट गया है। बनिया व आस-पास के गांवो में मुनादी करा कर ग्रामीणो को सर्तक किया ला रहा है। इस बीच कोरबा वनमंडल के कुदमुरा रेंज में मौजुद दो हाथी बीती रात कोरबा रेंज के ग्राम गेराव पहुंच गए है। हाथियो ने यहां फिलहाल कोई बड़ा नुकसान नही पहुंचाया है और न ही किसी प्रकार का उत्पात मचाया है।



फाइल फोटो

# इमानदारी का दिया परिचय, जेवरात से भरा बैग मालिक को वापस लौटाया आटो चालक ने

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ऑटो में सफर करने के दौरान अक्सर कई लोग हड़बड़ी में गड़बड़ी कर जाते हैं और अपना बैग भूल जाते हैं। ऐसा ही मामला फिर से सामने आया था जहां एक महिला ऑटो से उतरने के दौरान अपने सोने चांदी के जेवरात से भरा हुए बैग को ऑटो में ही भूल गई थी। जब महिला को पता चला कि उसका बैग छूट गया है तो वह बहुत परेशान हो गई लेकिन ऑटो चालक व ऑटो संघ ने ईमानदारी की मिसाल पेश की और जेवरातों से भरा हुए बैग को महिला को सुरक्षित वापस सौंप दिया है।

जिला आटो संघ के सचिव यशवंत कौशिक ने बताया कि गायत्री बरेठ सोहागपुर की रहने वाली है जो बीते दिनों ऑटो में सवार होकर अपने रिश्तेदार के घर बुधवारी आई हुई थी। इस दौरान वह अपना एक बैग ऑटो में ही भूल गई थी। जब वह घर पहुंची तो उसे पता चला कि वह अपना बैग साथ लाई ही नहीं है तब उसके होश उड़ गए क्योंकि बैग में उसके सोने चांदी के जेवर थे। महिला दो दिनों से अपने बैग की तलाश कर रही थी जहां ऑटो चालक को वह बैग ऑटो में ही मिला था उसने ईमानदारी के मिसाल पेश की थी और उसने जेवर से भरा हुआ बैग ऑटो संघ के सुपुर्द कर दिया था। ऑटो संघ सचिव यशवंत कौशिक ने गायत्री से संपर्क किया और सोमवार की सुबह उसे अपने कार्यालय में बुलाकर सोने चांदी से भरा हुआ बैग सुरक्षित गायत्री को सौप दिया है। सोने चांदी से भरा हुआ बैग सुरक्षित वापस पाकर परिवार की खुशी छलक उठी। इससे पहले भी ऑटो चालको ने कई बार ऐसी ही मिसाल पेश की है। ऑटो संघ के सचिव यशवंत कौशिक ने कहा कि इस तरह के कई मामले सामने आ चुके हैं लेकिन ऑटो संघ हमेशा से ईमानदारी की मिसाल पेश करते आया है और हमेशा ही गुम सामानों को मालिकों के सुपुर्द करने में सफलता हासिल की है।



जेवरात से भरा बैग वापस करते आटो संघ के सचिव।

# डूबान में तैरती मिली युवती की लाश, हत्या या अनहोनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सतरेंगा के डूबान क्षेत्र में एक 17 वर्षीय युवती की लाश मिली है। जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। लाश मिलने की सूचना मिलने पर पुलिस के अधिकारी व बिलासपुर से फारेंसिक एक्टसपर्ट की टीम मौके पर पहुंची थी जहां युवती की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

लेमरू थाना क्षेत्र अंतर्गत सतरेंगा के खैरभावना डूबान क्षेत्र सोमवार की सुबह लगभग 9 बजे नहाने गए लोगों में उसे समय हड़कंप मच गया जब पानी में एक युवती की लाश दिखी। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। लेमरू थाना थाना प्रभारी जितेंद्र यादव ने अपनी टीम सहित मौके पर पहुंचकर मामले की तहकीकात शुरू की। जिस तरह से युवती की लाश मिली है उससे ऐसी संभावना जताई जा रही है कि उसकी हत्या तो नहीं की गई है। हालांकि यह तो पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा। युवती की पहचान कार्रवाई करने के लिए पुलिस आसपास क्षेत्र में जुटी हुई है।

**खास बातें**
- लेमरू थाना के ग्राम खैरभौना की घटना
- बिलासपुर से पहुंची थी फारेंसिक एक्सपर्ट की टीम



डूबान क्षेत्र में मिली युवती की लाश।

## मामले को प्रेम प्रसंग से भी जोड़कर देखा जा रहा है

सतरेंगा के बांगो डूबान के अंतर्गत आने वाले गांव खैरभवना में युवती की लाश मिली है। जिस तरह से युवती की अंदर गांव में लाश मिली है इससे ऐसा लग रहा है कि यह मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा हो सकता है। कहीं युवक द्वारा उसे घूमने फिराने के बहाने उसे अपने साथ ले जाया गया होगा और किसी बात पर उनकी कहासुनी हुई होगी और ऐसे में कहीं प्रेमी द्वारा किसी अनहोनी घटना को अंजाम दिया गया होगा और पुलिस से बचने के लिए लाश को डूबान क्षेत्र में ठिकाने लगा दिया गया होगा। फिलहाल पुलिस की टीम मामले को लेकर गंभीरता से तहकीकात में जुटी हुई है। युवती की पहचान होने के बाद ही मामला पूरी तरह से स्पष्ट होगा कि आखिर यह पूरा मामला क्या है।

## शंकर लिखा हुआ है गोदना से

लेमरु थाना प्रभारी जितेंद्र यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि जिस युवती की डूबान क्षेत्र में लाश मिली है। उसके हाथ में गोदना से शंकर लिखा हुआ है। युवती की उम्र लगभग 16 से 17 साल की है। युवती आखिर वहां पहुंची कैसे यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस फिलहाल पीएम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही स्पष्ट होगा की युवती की मौत सामान्य हुई है या फिर उसकी हत्या कर ठिकाने लगाया गया है। पुलिस की टीम मामले की विभिन्न बिंदुओं को लेकर तहकीकात में जुटी हुई है। पुलिस फिलहाल अभी उसके पहचान कार्यवाही में लगी हुई है जैसे ही पहचान कार्यवाही आगे बढ़ेगी मामले से पर्दा उठना शुरू हो जाएगा।

### वाहनों की जांची गई फिटनेस, चालकों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

# यातायात व परिवहन विभाग ने की बसों की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में लगातार हो रहे सडक़ हादसे को देखते हुए यातायात, पुलिस और परिवहन विभाग संयुक्त अभियान चलाकर वाहनों की जांच करने में लग गई है। टीम द्वारा निजी स्कूल बसों की जांच शुरू की गई। इसमें बस के फिटनेस चेक किए गए। बस में आग लगने पर फायर पम्प, एक्सीडेंट होने पर आपातकालीन गेट, मेडिकल टूलबॉक्स के अलावा बसों की अन्य स्थिति जानी गई।

दरअसल, बीते शनिवार को दीपका में स्कूली वैन सडक़ हादसे का शिकार हो गई थी। इस हादसे में स्कूली बच्चों को चोंटे आई थी। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए शहर के इंदिरा स्टेडियम में जिले के निजी स्कूल बसों की जांच की गई, जहां शहर और ग्रामीण क्षेत्र के स्कूल प्रबंधन को यातायात और पुलिस के द्वारा जांच के लिए नोटिस जारी किया गया। इसके अलावा इस कैंप में बस के चालकों का आई टेस्ट, शुगर टेस्ट, बीपी टेस्ट किया गया। वहीं उनके स्वास्थ्य परीक्षण के बाद उन्हें प्रमाण पत्र भी दिया गया। चालकों को निर्देश दिया गया है कि वह सीट बेल्ट लगाकर वाहन चलाए और सीमित गति और नियंत्रण रखें। शराब पीकर वाहन न चलाएं।बता दें कि परिवहन और पुलिस विभाग ने संयुक्त रूप से कैंप लगाने के साथ बसों और अन्य वाहनों की फिटनेस जांच करने अभियान शुरू किया है। सडक़ हादसों के कारण का पता करने के लिए स्कूल बसों से लेकर अन्य वाहनों की फिटनेस पर ध्यान दिया जा रहा है।



स्कूल बसों की जांच करते परिवहन विभाग के अधिकारी।

## सीसीटीवी कैमरे लगाने के दिए निर्देश

जांच के दौरान 120 निजी स्कूल बसों की फिटनेस जांच कर उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। स्कूल बसों में सीसीटीवी कैमरे में आवश्यक रूप से लगे होने चाहिए, लेकिन कई बसों में सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे थे जिन्हें लगाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही बसों में जीपीएस और स्पीड गवर्नर लगाए गए।

# हत्या के मामले में फरार आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



पुलिस गिरफ्त में फरार आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लगभग 4 वर्ष पूर्व नवरात्रि के दौरान हुई हत्या के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को पुलिस ने धरदबोचा है। कुसमुंडा थाना क्षेत्र अन्तर्गत प्रेमनगर में बीते वर्ष 2019 को 9 से 10 अक्टूबर की दरमियानी रात हुए जघन्य हत्याकांड में पुलिस ने आधा दर्जन से अघिक आरोपियों को गिरफ्तार किया था जबकि मामले में दिव्यांशु मिश्रा फरार चल रहा था। जिसे सोमवार को कुसमुंडा पुलिस ने बिलासपुर बस स्टेंड में घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है। आरोपी को गिरफ्तार करने में कुसमुंडा थाना प्रभारी रूपक शर्मा के नेतृत्व में आरक्षक विष्णु पाटले, त्रिलोचन सागर, पुष्पेंद्र राठौर की अहम भूमिका रही है।

15 korba- bhoomi pg2_Layout 1 4/15/2024 11:14 PM Page 1





# रजनीकांत के साथ काम करेंगे रणवीर

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह, दक्षिण भारतीय सिनेमा के महानायक रजनीकांत के साथ काम करते नजर आ सकते हैं। बॉलीवुड में चर्चा है कि रजनीकांत ,लोकेश कनगराज के निर्देशन में बनने वाली फिल्म थलाइवी 171 में काम करेंगे। इस फिल्म में रजनीकांत सोने की तस्करी करने वाले गैंगस्टर की भूमिका में होंगे। चर्चा है कि रणवीर सिंह भी इस फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। इस फिल्म के लिये रणवीर सिंह से संपर्क किया गया है। यदि सब कुछ सही रहा तो रणवीर सिंह पहली बार रजनीकांत के साथ काम करेंगे।

लाइफ Style

# जाह्नवी कपूर

## 'उलझ' से दर्शकों को बनाएंगी मुरीद



जाह्नवी कपूर आने वाले दिनों में कई फिल्मों में अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगी। अब जाह्नवी की फिल्म 'उलझ' की रिलीज तारीख से भी पर्दा हट चुका है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

रिपोर्ट के मुताबिक, इस थ्रिलर फिल्म की शूटिंग बीते साल सितंबर में पूरी हुई थी और निर्माताओं ने इसकी रिलीज तारीख 5 जुलाई तय की है। फिल्म में जाह्नवी को गुलशन देवैया और रोशन मैथ्यू का साथ मिला है। चर्चा है कि यह देशभक्ति पर आधारित होगी, वहीं जाह्नवी इसमें जान्हवी एक भारतीय विदेश सेवा अधिकारी की भूमिका निभा रही हैं। फिल्म की ज्यादातर शूटिंग लंदन में हुई है।

कुछ समय पहले फिल्म से जान्हवी की पहली झलक सामने आई थी, जिसमें वह साड़ी में काफी शानदार लग रही थीं। इसकी कहानी एक ऐसे देशभक्त परिवार की है, जो खतरनाक साजिश में उलझ जाता है। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता सुधांशु सरिया के निर्देशन में बन रही 'उलझ' को लेकर खुद जाह्नवी भी बेहद उत्साहित हैं। जाह्नवी कहती हैं, मैंने इस अनुभव के जरिए बहुत कुछ सीखा है। फिल्म में शामिल हर व्यक्ति ने इस पर अपनी जी-जान लगा दी, जिन्हें देख मुझे बड़ी प्रेरणा मिलती है। यह देखना आश्चर्यजनक था कि हर कोई कितना भावुक था और कितना ऊर्जावान था। सब कुछ बड़ा मजेदार था।

## हॉलीवुड मसाला



# कोरियाई गायक पार्क बो-रैम का निधन

लॉस एंजिलस। कोरियन सिनेमा की पॉप गायिका पार्क बो-रैम का निधन हो गया है। उन्होंने महज 30 साल की उम्र में दुनिया को अलविदा कह दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जब पार्क का निधन हुआ, उस वक्त वह अपनी एक दोस्त के घर पार्टी कर रही थी। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि वह पार्टी के बीच में बाथरूम गईं, लेकिन बहुत देर तक वापस नहीं लौटीं। एक दोस्त ने जाकर देखा तो वह बेहोश मिलीं, जिसके बाद उन्हें तुरंत हन्यांग यूनिवर्सिटी गुरी अस्पताल में भर्ती किया गया, लेकिन वहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।




# इजराइली अभिनेता ने गाया 'तुझे देखा तो ये जाना सनम' गाना

**लॉस एंजिलस।** इजराइली अभिनेता त्साही हलेवी का एक वीडियो सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में त्याही को शाहरुख खान और काजोल की फिल्म 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' का सुपरहिट गाना 'तुझे देखा तो ये जाना सनम' गाते हुए देखा जा सकता है। इस वीडियो पर प्रशंसक खूब प्यार लुटा रहे हैं। त्साही को 2013 में आई फिल्म 'बेतलेहेम' से अभिनय की दुनिया में कदम रखा था। वह अब तक 'डोमिनोज स्ट्रीट', 'माई नेम इज क्लेयर', 'मोसाद' और 'द एंजल' जैसी फिल्मों में नजर आ चुके हैं। उन्होंने नुसरत भरूचा की फिल्म 'अकेली' के जरिए बॉलीवुड में कदम रखा था। ये फिल्म बीते साल 2023 में 25 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म को दर्शकों की खूब सराहना मिली थी। त्साही ने फिल्म में बेहद अहम किरदार निभाया था। त्साही ने इस गाने को गाकर लोगों का दिल छू लिया है।



# पायल कपाड़िया की 'ऑल वी... लाइट' का चयन

**मुंबई।** पायल कपाड़िया की 'ऑल वी इमेजिन ऐज लाइट' को 2024 के कान्स फिल्म फेस्टिवल के लिए चुना गया है। गत दिवस इस फेस्टिवल को आयोजकों ने घोषणा की गई। कान्स फिल्म फेस्टिवल के सर्वोच्च सम्मान 'पाल्मे डी'ओर' की रेस में आखिरी भारतीय फिल्म 1983 में आई मृणाल सेन की 'खारिज' थी। बता दें कि 30 साल बाद इस फेस्टिवल के लिए किसी भारतीय फिल्म को चुना गया है। कान्स फिल्म फेस्टिवल का आयोजन 14 से 25 मई तक होगा। नर्स के जीवन पर आधारित है कहानी 'ऑल वी इमेजिन ऐज लाइट' की कहानी एक नर्स की कहानी है, जिसका नाम प्रभा है। उसे लंबे समय से अलग रह रहे अपने पति से एक चौंका देने वाला उपहार मिलता है, जिससे उनका जीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है।



# विधु विनोद चोपड़ा ने किया नई फिल्म का ऐलान

**मुंबई।** विधु विनोद चोपड़ा की फिल्म '12वीं फेल' 2023 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में से एक है। आईपीएस अधिकारी मनोज शर्मा की जिंदगी पर बनी इस फिल्म में विक्रांत मैसी मुख्य भूमिका में नजर आए। अब विनोद ने अपनी नई फिल्म का ऐलान कर दिया है, जिसका नाम 'जीरो से रीस्टार्ट' का ऐलान कर दिया है। इस फिल्म का कलेन्शन फिल्म '12वीं फेल' से होगा। चर्चा है कि 'जीरो से रीस्टार्ट' ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। फिलहाल इस खबर की आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है। बता दें, 'जीरो से रीस्टार्ट' को रिलीज हुए 25 सप्ताह बीत चुके हैं। रिपोर्ट के अनुसार, विनोद अपनी आगामी फिल्म 'जीरो से रीस्टार्ट' में '12वीं फेल' बनने के पीछे की कहानी से दर्शकों को रूबरू करवाएंगे।

## टीवी मसाला



# अरे ये क्या हो रहा है! रावण के महल में मुकुट पहने सीता

**मुंबई।** साल 1987 में आई रामानंद सागर की 'रामायण' को लोगों का जितना प्यार मिला अब शायद ही किसी और शो को मिल सकेगा। इस शो में अरुण गोविल भगवान राम और दीपिका चिखलिया माता सीता के रोल में नजर आई थीं। इस शो के बाद दोनों की पॉपुलैरिटी इस कदर बढ़ी की लोग इन्हें असल भगवान समझने लगे थे। इस शो में वाल्मीकि रामायण, तुलसीदास की रामचरितमानस और कंब रामयण से अंश लिए गए थे। शो में कुछ भी मिर्च मसाला लगाकर नहीं दिखाया गया था। यही वजह रही कि लोग इससे इस कदर जुड़ सके। अब हाल में ही टीवी पर 'श्रीमद रामायण' नाम का शो शुरू हुआ है। इस शो को शुरुआत में तो लोगों ने पसंद किया, लेकिन अब ट्रोल किया जा रहा है।

### क्या है रीसेंट ट्रैक

'रामायण' की तर्ज पर 'श्रीमद रामायण' को साल 2024 की शुरुआत के साथ ही शुरू किया गया। इस शो का खूब प्रमोशन किया गया, जिसके चलते शुरू से ही शो को अच्छा रिस्पॉन्स मिलने लगा। लोगों ने शो के लिए की गई कास्टिंग को भी काफी पसंद किया। लंबे समय तक शो में सब कुछ ठीक चला, लेकिन फिर एक ऐसा मोड़ आया जिसके बाद फैंस को धक्का लगा और शो को ट्रोल करना शुरू कर दिया गया।

### सीताहरण के बाद भड़का आक्रोश

'रामायण' की तर्ज पर 'श्रीमद रामायण' में भी सीताहरण का दृश्य दिखाया गया है लेकिन इस दृश्य को जिस तरह से पेश किया गया है उससे लोगों की भावनाएं आहत हो गई हैं। ये मोड़ सीता हरण के सीन के बाद आया है, जिसे देख दर्शकों को लगा कि मेकर्स रास्ता भटक गए हैं। हालिया ट्रैक के अनुसार रावण सीता को लंका में ले आया है। वहीं राम और लक्ष्मण उनकी खोज में लगे दिखाए जा रहे हैं।

### गलत दिखाया जा रहा सीन

सीता हरण के बाद मेकर्स ने कई फैक्ट्स के साथ छेड़छाड़ कर दी है, जिसकी वजह से दर्शकों का सिर घूम रहा है। धार्मिक ग्रंथों के अनुसार सीता कभी रावण के महल के अंदर नहीं गईं, वो हमेशा अशोक वाटिका में ही रहीं और रावण ने उन्हें कभी बुरी नजर से नहीं देखा, लेकिन शो के हालिया एपिसोड में माता सीता का किरदार रावण के महल में दिखाया गया, जो वो रावण से जिरह करता दिखा। इस दौरान सीता के सिर पर मुकुट भी नजर आ रहा है। एक ओर वो भगवा वस्त्र में हैं, वहीं दूसरी ओर उनके माथे पर छोटा मुकुट भी है। अब यही देख फैंस बड़क गए हैं।

# 'सिंघम अगेन' और 'पुष्पा 2' का नहीं होगा आमना-सामना

**मुंबई।** अल्लू अर्जुन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'पुष्पाः द रूल' को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म 15 अगस्त, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म सामना रोहित शेट्टी के निर्देशन में बन रही फिल्म 'सिंघम अगेन' से होने वाला है, लेकिन अब ऐसा लगा रहा है कि दर्शकों को 'सिंघम अगेन' के लिए लंबा इंतजार करना होगा। नई खबर के मुताबिक, 'सिंघम अगेन' और 'पुष्पा 2' के बीच कोई टकराव नहीं होगा।




### फिल्म दिवाली में होगी रिलीज

एक रिपोर्ट के मुताबिक, 'सिंघम अगेन' की रिलीज तारीख को टाल दिया गया है। रोहित इस फिल्म को दिवाली, 2024 पर रिलीज करने का विचार कर रहे हैं। अब 'सिंघम अगेन' का 'पुष्पा 2' से टकराव नहीं होगा। फिलहाल फिल्म अपने आखिरी चरण में है। निर्माता कोई जल्दबाजी नहीं करना चाहते।


### बहुप्रतीक्षित फिल्मों में शुमार है 'सिंघम अगेन'

'सिंघम अगेन' इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में शुमार है। रणवीर सिंह से लेकर अजय देवगन, अर्जुन कपूर, दीपिका पादुकोण और करीना कपूर तक की झलक फिल्म से सामने आ चुकी थी। रोहित के कॉप यूनिवर्स की शुरुआत अजय के साथ 2011 में आई फिल्म 'सिंघम' से हुई थी। इसके बाद 2014 में अजय की 'सिंघम रिटर्न्स', 2018 में रणवीर की 'सिम्बा' और 2020 में अक्षय कुमार की 'सूर्यवंशी' के साथ यूनिवर्स बड़ा होता चला गया।



# अल्लू अर्जुन ने जथारा अवतार में साड़ी पहनकर मचाया धमाल

**मुंबई।** 'पुष्पा द राइज' से धमाल मचाने के बाद दर्शकों को इसके दूसरे पार्ट 'पुष्पा 2 द रूल' का बेसब्री से इंतजार है। सुपरस्टार अल्लू अर्जुन ने अपने बर्थडे के मौके पर फैंस को बड़ा तोहफा दे दिया है और 'पुष्पा 2' की झलक रिलीज हो चुकी है। फिल्म का टीजर सामने आ चुका है जिसने आते ही इंटरनेट पर धमाल मचा दिया है। फिल्म का टीजर 1 मिनट 8 सेकंड का है, जिसमें विजुअल, कलर्स और बैकग्राउंड कमाल का है। बता दें कि यह हिंदू आदिवासी देवियों के सम्मान में मनाया जाने वाला एक त्यौहार है। इसे तेलंगाना राज्य में मनाया जाता है।



### पैरों में घुंघरू, कान में झुमके, हाथ में त्रिशूल

टीजर वीडियो में अल्लू अर्जुन का अवतार बहुत ही शानदार दिखाई दे रहा है। उन्होंने अपने पैरों में घुंघरू, कान में झुमके आंखों में काजल लगाया हुआ है। साड़ी पहने हुए वह हाथों में त्रिशूल लेकर दुश्मनों से लड़ाई कर रहे हैं। हमेशा की तरह इस बार भी वह अकेले ही सब पर भारी पड़ रहे हैं। उनके दमदार एक्शन को देखकर फैंस हैरान हो गए हैं।

### कहानी में आएगा बदलाव

*फिल्म 'पुष्पा' में लाल चंदन की तस्करी की कहानी दिखाई गई थी। इसके साथ पुष्पा और श्रीवल्ली की लव स्टोरी को भी ऐड किया गया था। फिल्म में फैमिली ड्रामा भी भरपूर दिया गया था। जब पुष्पा, श्रीवल्ली से शादी करने जाता है। इसके पहले उसकी शेखावत यानी कि फहाद फाजिल के साथ जुबानी जंग होती है। यह जुबानी जंग अब फिल्म के दूसरे हिस्से में असली जंग में बदलती हुई दिखाई देगी।*

# एक ही नाम से बनीं ये फिल्में, कोई हिट हुई तो कोई फ्लॉप

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड में हर साल तमाम फिल्में बनती हैं। कुछ के नाम बड़े दिलचस्प होते हैं तो कुछ ऐसी होती हैं, जिनके नाम पुरानी फिल्मों से मेल खाते हैं। दरअसल, इन दिनों अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' बड़ी चर्चा में है। इसी नाम की एक फिल्म 1998 में रिलीज हुई थी, जिसमें अमिताभ बच्चन और गोविंदा मुख्य भूमिका में थे। आज हम जानेंगे उन फिल्मों के बारे में, जिनके नाम एक जैसे हैं।




### 'कुली नंबर 1'

सबसे पहले बात करते हैं फिल्म 'कुली नंबर वन' की। 1995 में आई गोविंदा और करिश्मा कपूर की फिल्म 'कुली नंबर 1' ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया था। उधर 2020 में आई वरुण धवन और सारा अली खान की फिल्म 'कुली नंबर 1', लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर फेल हो गई। यह फिल्म डिज्नी+ हॉटस्टार और अमेजन प्राइम वीडियो पर देखी जा सकती है।

### 'जंजीर'

सन् 1973 में रिलीज हुई महानायक अमिताभ बच्चन की फिल्म 'जंजीर' बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई। इस फिल्म के जरिए बिग बी इंडस्ट्री में सुपरस्टार के रूप में उभरे थे। दूसरी ओर साल 2013 में इस फिल्म का रीमेक बना, जिसमें मुख्य किरदार साउथ सुपरस्टार राम चरण ने निभाया था और फिल्म की हीरोइन प्रियंका चोपड़ा थीं। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ढेर हो गई थी। इसे अमेजन प्राइम वीडियो पर देखा जा सकता है।



### 'बागी'

टाइगर श्रॉफ और श्रद्धा कपूर की फिल्म 'बागी' का नाम तो आपने सुना ही होगा। यह फिल्म 2016 में रिलीज हुई थी और बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी। यह फिल्म नेटफ्लिक्स, जी5 और अमेजन प्राइम वीडियो पर है। 1990 में भी इसी नाम पर एक फिल्म बन चुकी है। उस फिल्म में सलमान खान और नगमा ने मुख्य भूमिका अदा की थी। फिल्म का निर्देशन दीपक शिवदसानी ने किया था। यह एक रोमांटिक फिल्म थी।



### 'एजेंट विनोद' और 'दिलवाले'



'एजेंट विनोद' नाम से पहली बार फिल्म साल 2012 में रिलीज हुई थी। इसमें सैफ अली खान और करीना कपूर ने मुख्य किरदार निभाया था। यूट्यूब पर यह फिल्म मौजूद है। उधर इसी नाम से एक जासूसी फिल्म 1977 में बनी थी। दूसरी तरफ नेटफ्लिक्स और यूट्यूब पर मौजूद फिल्म दिलवाले पहली बार 1994 में बनी थी, जिसमें अजय देवगन मुख्य भूमिका में थे। इसके बाद 2015 में इसी नाम से बनी फिल्म के हीरो शाहरुख खान थे।

15 korba- bhoomi pg3_Layout 1 4/15/2024 11:52 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### लोकसभा स्तरीय संचालन समिति के संयोजकत्व बने बोधराम



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के लोकसभा वार चुनाव संचालन समिति की घोषणा शुरू कर दी है। कोरबा लोकसभा के लिए 110 नेताओं को छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के आदेशानुसार 4 कोरबा लोकसभा चुनाव के सफल संचालन हेतु पूर्व विधायक बोधराम कंवर के संयोजकत्व में लोकसभा स्तरीय संचालन समिति का गठन किया गया है। संचालन समिति के तमाम नेताओं की न केवल फील्ड में अच्छी पकड़ हैं बल्कि ये अपनी रणनीति से बाजी को पलटने का भी दम रखते हैं। निश्चित ही इस चुनाव संचालन का लाभ जिले की विधानसभा कोरबा, कटघोरा, रामपुर एव पाली तानाखर में लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को मिलेगा। हालांकि इन चार सीटों में केवल एक सीट रामपुर कांग्रेस के पास हैं जबकि दो सीट कोरबा और कटघोरा में बीजेपी का कब्जा हैं वहीं पाली तानाखर में गोंगपा का कब्जा है।

### हरदीबाजार के आबादी क्षेत्र में बंदरों की उछलकूद

**हरदीबाजार।** इन दिनों हरदीबाजार में सफेद काला मूंह का बंदरों की उछलकूद आबादी क्षेत्र में देखने को मिल रही है। कभी बस स्टैंड, शिक्षक नगर तो कभी शांतिनगर मोहल्ले में घर के छतों पर धमाचौकड़ी करते तो बाड़ी में लगे आम के पेड़ पर चढ़कर कच्चे आम खाते हुए दिखे। इन बंदरों की संख्या 3 से 4 है अभी तक किसी को चोट पहुंचाने की जानकारी नहीं हुई है। वहीं जमीन पर घुमंतू कुत्तों से काटने के भय से ये बंदर अक्सर पेड़ या घर के छतों पर चलते दौड़ते हुए क्षेत्र में घुम रहे हैं। क्षेत्र से बहुत दूर बड़ा जंगल है लेंकी,चोढ़ा अद्राली शायद इधर से ही भोजन पानी की तलाश में भटकते हुए आ गये होंगें।

### मवेशी पहुंच रहे हैं खदान किनारे, हो सकती है घटना

**हरदीबाजार।** दीपका प्रबंधन कोयला उत्खनन करते हुए ग्राम मलगांव व अमगांव दर्राखांचा व हरदीबाजार के नजदीक पहुंच जाते हैं लेकिन दीपका प्रबंधन सुरक्षा की दृष्टि से इन तीनों क्षेत्रों में कोई सुरक्षा व्यवस्था नहीं की गई है जिससे मावेशियों के लिऐ खतरा बना हुआ है। मवेशी चारा की तलाश में मलगांव बस्ती के नजदीक खुली खदान है जहां खोदी गई मिट्टी को घेरा कर अपनी जिम्मेदारी निभा दी कोई सुरक्षा व्यवस्था नहीं जिससे मवेशी चारा की तलाश में खदान के किनारे मिट्टी के टीले पे चढ़कर नीचे फिसला कर गिर गया । गनिमत रही कि थोड़ा और नीचे गिरता तो मवेशी की मौत हो जाती। अगर प्रबंधन गंभीर होकर इस दिशा में पहल नहीं करती है तो घटना होने से इंकार नहीं किया जा सकता।

### आधे सड़क पर कचरे का बसेरा पंचायत की अंदेखी



**हरदीबाजार।** कालेज चौक हरदीबाजार में स्थानीय कुछ निवासीयों के द्वारा अपने घरों के सारे कचरे-पानी सड़क पर ही फेंक कर सड़क को ही कुड़ादान बना रखे हैं ,जिससे आवागमन करने वालों को व स्थानीय दुकानदारों को परेशानी हो रही है। वहीं बस स्टैंड में नाली की सफाई नहीं होने नाली में कचरा जाम होने से बजबजाती नाली के गन्दा पानी नाली से बाहर आकर सड़क किनारे बह रही है जिसकी बदबू से बस स्टैंड में दुकानदारों को खासी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है । सरपंच प्रतिनिधि युवराज सिंह कंवर ने बताया कि कुछ दिनों में इनकी व्यवस्था जल्दी ही की जायेगी जिससे किसी को परेशानी नहीं होगी ।

### भाजपाइयों ने भलपहरी शक्ति केंद्र में आयोजित की बैठक



**हरदीबाजार।** कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के भलपहरी शक्ति केंद्र के मुक्त, बोकरामुडा, भलपहरी तथा सुवाभोडी मतदान केंद्र पर जन संपर्क कर बैठक आयोजित किया गया जिसमें दिनेश सिंह ठाकुर कटघोरा विधान सभा प्रभारी, दुर्ग से पहुंची श्रीमती सरिता मिश्रा, चुलेश्वर राठौर जिलाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा, अजय दुबे, समाजसेवी, पप्पू राठौर युवा नेता हरदीबाजार, शिवलाल यादव उपसरपंच नेवासा, शिवरतन राठौर, राजेश राठौर, अमृतलाल राठौर बदन सिंह राजकुमार राठौर, कामिल सिंह, नीलमणि राठौर,संतोष कुमार, रमेश कुमार, शैलेंद्र राठौर, देवेंद्र कुमार, तुलाराम, गणपति यादव, मोहन राठौर, चंद्रभान राठौर, छत्रपाल राठौर, देवी प्रसाद, कार्तिक राम,रामअवतार महाराज जी पुजारी, वेदराम यादव, तब्बू नेताम, गौरी शंकर, भारत लाल, द्वारिका, ताम्रध्वज, देवराज, श्रीमती ममता राठौर, श्रीमती दुर्गा राठौर, श्रीमती यशोदा बाई, श्रीमती सविता बाई सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सभी समाज के अध्यक्ष रहे शामिल

# संविधान को बचाने शिक्षा आवश्यक : बंजारा



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि एवं समिति के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारतीय संविधान के निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती मनाई गई। संयुक्त आयोजन समिति के द्वारा 14 अप्रैल को घंटाघर स्थित ओपन थिएटर में मनाया गया। कार्यक्रम में समाज के सभी अध्यक्षों को अतिथि बनाया गया था।

आयोजन समिति के अतिथि एसके बंजारा ने कहा कि हमें अपने सम्मान और स्वाभिमान को बचाने के लिए शिक्षा जरूरी है। इसके लिए अपने आप को बचाना जरूरी है जिससे की हमारा अधिकार और सम्मान बना रहेगा। शिक्षा वो मार्ग है जिससे सारे द्वार खुलते है। नौकरी और बिजनेस के अलावा समाज के लोग शिक्षा पर अधिक ध्यान देने की जरूरत है। साहू समाज के अध्यक्ष गिरजा शंकर ने कहा कि संगठित रहकर अपने अधिकारों की लड़ाई लडऩे के लिए शिक्षा जरूरी है। नारायण लाल कुर्रे ने कहा कि शिक्षित बनो, संगठित रहो का नारा डॉ. अंबेडकर ने दिया है।

अध्यक्ष यूआर महिलांगे ने कहा कि भारतीय संविधान के जनक डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती का आयोजन सभी समाज के द्वारा संयुक्त आयोजन समिति के माध्यम से मनाया जा रहा है। 14 अप्रैल को दोपहर 3 बजे बौद्ध विहार मुड़ापार से भीमराव अंबेडकर की झांकियों के साथ रैली निकाली गई। कार्यक्रम में सभी समाज के अध्यक्षों के आतिथ्य में मनाया जा रहा है। सभी अतिथियों के द्वारा संविधान निर्माता डॉ. अंबेडकर की जयंती पर प्रकाश डाला जाएगा। समाज के अध्यक्षों ने अपने-अपने उद्बोधन दिए। इस दौरान मंचस्थ अतिथियों में डॉ. अविनाश मेश्राम, मुख्य अभियंता एसके बंजारा, सिस्टा के केन्द्रीय अध्यक्ष आरपी खाण्डेय, निर्मल सिंह राज, अनिरूद्ध चंद्रा, मदन कर्निक, गिरजा प्रसाद साहू, श्यामसुंदर सोनी, एलएल कोसले, गणेश बम्बोले, अनशुन बौद्ध, राजकिशोर प्रसाद महापौर, सुमन नेताम, नीलू बौद्ध, शकुंतला कुर्रे, सरिता भारद्वाज, लक्ष्मीन खाण्डे, सुनील पाटले, सुनीता पाटले, नारायणलाल कुर्रे, आरडी भारद्वाज, प्रवीण पालिया, प्यारेलाल चौधरी, अजीत कैवर्त, विजय राठौर, नरेन्द्र रात्रे, मनीराम जांगड़े सहित सयुक्त समाज के लोग उपस्थित थे।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समा

संयुक्त आयोजन समिति के द्वारा बौद्ध विहार मुड़ापार से समाज के सभी लोगों के द्वारा संविधान निर्माता डॉ. अंबेडकर के जन्मदिन को गौरव दिवस मनाते हुए रैली का आयोजन किया गया जो घंटाघर में मंचीय कार्यक्रम का रूप ले लिया। मंचीय कार्यक्रम के दौरान ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन श्री बंजारे के द्वारा किया गया और आभार प्रदर्शन अधिवक्ता व नोटरी आरडी भारद्वाज के द्वारा किया गया।

### डीएव्ही में संविधान निर्माता डॉ अम्बेडकर की मनी जयंती



डीएव्ही पब्लिक स्कूल एसईसीएल कोरबा के प्रांगण में संविधान निर्माता डॉ भीम राव अम्बेडकर की जयंती धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में विद्यालय की प्रभारी शिक्षिका श्रीमती अमिता शर्मा सहित विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक-शिक्षिकाओं ने डॉ भीम राव अम्बेडकर की छायाचित्र पर माल्यार्पण एवम पुष्प अर्पित कर नमन किया। इसके पश्चात विद्यालय की कक्षा पांचवी -छठवीं के नन्हें-मुन्ने बच्चों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से डॉ भीम राव अम्बेडकर के संदेश को हम सबके सामने चित्रित किया। जिसे देखकर उपस्थित समस्त बच्चों और शिक्षकों ने करतल ध्वनि से उनका भरपूर प्रोत्साहन किया।इसके बाद बच्चों के द्वारा डॉ अम्बेडकर की विचारों को कविता पाठ,भाषण तथा सुविचारों के द्वारा प्रस्तुत किया गया। जिसे सुनकर सभी ने बच्चों का उत्साह वर्धन किया। विद्यालय के अंग्रेजी शिक्षक सूरज गुप्ता और शिक्षिका सुश्री निकिता शर्मा ने डॉ अम्बेडकर के जीवन, उनके व्यक्तित्व पर भाषण के द्वारा प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रभारी शिक्षिका श्रीमती अमिता शर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा हमें डॉ भीम राव अम्बेडकर के बताए गए मार्ग पर चलना चाहिए और हमें शिक्षित होकर अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना है तथा संविधान का पालन करना चाहिए। इस सफलतापूर्वक कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय के अंग्रेजी शिक्षक सूरज गुप्ता ने किया। इस सफल आयोजन में विद्यालय के समस्त शैक्षणिक और गैर शैक्षणिक सदस्यों का अमूल्य योगदान रहा।

### ढोढीपारा में मना अंबेडकर जयंती



डां भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती के पावन उपलक्ष में लक्ष्मी मेडिकल गली में बाबा भीमराव अंबेडकर की पूजा अर्चना कर उनकी जयंती मनाई गई। इस अवसर पर सतनामी युवा कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष माननीय मनीराम जांगड़े एवं वार्ड क्रमांक 15 पार्षद धनसाय साहू, सरिता कौशिक, राजेश बंजारे, धेनवा ओग्रे, भूपेंद्र भोज, संतोष, रेशम, चंद्र प्रकाश, रविन्द्र, धनंजय, रामनाथ, श्रीमती ललिता, कार्तिक, गीता, गायत्री, सरस्वती, संतोषी रेणुका एवं समाज के लोग उपस्थित थे।

## संविधान को पढ़ना और पढ़ाना जरूरीः सुधा




अंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण करते सिस्टा के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती समारोह ऑल इंडिया एससी एसटी ओबीसी काउंसिल, सिस्टा एवं सतनामी कल्याण समिति कुसमुंडा के संयुक्त तत्वाधान में डॉ भीमराव अंबेडकर चौक एवं सतनाम भवन आदर्श नगर कुसमुंडा में मनाया गया इस अवसर पर एसईसीएल कुसमुंडा प्रबंधन की ओर से कार्मिक प्रबंधक श्रीमती सुधा शिंदे मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सतनामी कल्याण समिति कुसमुंडा के प्रमुख सलाहकार बी एल कुर्रे के द्वारा किया गया। विशिष्ठ अतिथि के रूप में सिस्टा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आर पी खांडे, कौसिल के केन्द्रीय महामंत्री ए विश्वास, केन्द्रीय अध्यक्ष ओ पी नवरंग, सिस्टा के केन्द्रीय अध्यक्ष अलख राम सिदार, सीनियर मैनेजर एस एल धैर्य, डी आर कुर्रे, वीरेंद्र कुमार अजगल्ले, विजय कुमार मीरा, युवा नेता विकेश झा, अनिता टंडन, सुनिता पाटले, देवकुमारी कुर्रे , नूतन डहरिया शामिल हुए स्वागत भाषण में कौंसिल के क्षेत्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार टंडन ने सभी अतिथियों का स्वागत एवम एस ई सी एल प्रबंधन, मीडिया, पुलिस प्रशासन को धन्यवाद दिया। दोपहर से डॉ भीमराव अम्बेडकर चौक मे शरबत एवं खीर पूरी का वितरण किया गया खीर पूरी निखिल तिरपुरे, रोहित जमुलकर, शरबत गीता कोचिंग बिलासपुर की डायरेक्टर उषा टंडन , लडडू परमेश्वर मिरी के द्वारा सहयोग किया गया। मुख्य अतिथि सुधा शिंदे ने बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए भारतीय संविधान को पढ़ने एवं पढ़ाने पर जोर दिया आर पी खांडे ने संविधान एवं शिक्षा, बाबा साहब के द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने, संविधान को पढ़ने के लिए कहा विकेश झा ने शिक्षा एवम चिकित्सा को फ्री करने के लिए कहा जिससे सभी लोगो को समान रूप से शिक्षा एवम चिकित्सा मिल सके कार्यक्रम का संचालन सिस्टा कुसमुंडा के महामंत्री के पी पाटले ने किया आभार व्यक्त सतनामी कल्याण समिति कुसमुंडा के सचिव रामलाल जांगड़े ने किया।

## मलयाली पर्व विशु में शामिल हुईं भाजपा प्रत्याशी सरोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

केरला के नववर्ष मलयाली पर्व विशु के उपलक्ष्य में कोरबा मलयालम संघ व कोरबा यूथ मलयाली एसोसिएशन और अय्यप्पा सेवा समिति की ओर से विषु मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व लोकसभा प्रत्याशी सुश्री सरोज पांडेय शामिल हुईं।

मलयालम संघ व कोरबा यूथ मलयाली एसोसिएशन द्वारा आयोजित विशु पर्व के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुश्री सरोज पांडेय ने कहा कि चुनाव में हमे मलयाली समाज के लोगों का साथ चाहिए। सुश्री सरोज पांडेय ने मलयाली संस्कृति की खूब सराहना की और उन्होंने कोरबा मलयाली समाज के समस्तजनों का आभार व्यक्त किया और मलयालम नव वर्ष की शुभकामनाओं के साथ कार्यक्रम को



विराम दिया। इस दौरान कोरबा यूथ मलयाली एसोसिएशन और अय्यप्पा सेवा समिति के पद अधिकारी सीएस राजेश, भाजपा नेता श्रीजीत नायर, रमेश जादुगर, जय नायर, अजो जॉनसन, मनोज थॉमस, सागर, रोहित बाबू, श्रीहरी, राखिल रवि, साई कृष्णन, मनोज नायडू ,रूखमणी नायर उपस्थित रहे।

## जिले में मनाया गया राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के उपस्थिति में राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाया गया। जिले के सभी विकासखण्डों से मास्टर ट्रेनर्स मितानिन एसएचजी मेम्बर्स सरपंच एवं पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यक्रम में सेंटर फार कैटेलाईजिंग चेंज (सी-3) इंडिया के स्टेट हेड दिलीप सरवटे द्वारा सुरक्षित मातृत्व दिवस के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एसएन केशरी ने बताया कि सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाने का उद्देश्य सम्मान जनक मातृत्व देखभाल के दौरान मौखिक और शारीरिक दुर्वव्हार और भेदभाव से सुरक्षा शामिल है। उन्होंने कहा कि मातृ स्वास्थ्य अधिकारों के बारे में जागरूकता बढ़ाकर इसे बेहतर बनाया जा सकता है। बालिकाओं की गर्भावस्था में मृत्यु को कम करने एवं गरिमामय मातृत्व स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत व गुणवत्तापूर्ण बनाने की दिशा में स्वास्थ्य विभाग और सेंटर फार कैटेलाईजिंग चेंज (सी-3) द्वारा सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाया जा रहा है। डॉ. आदित्य सिसोदिया ने महिला केंद्रित गरिमामय स्वास्थ्य देखभाल पर जानकारी देते हुए दुर्व्यवहार की श्रेणियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एचआरपी की पहचान, सोनोग्राफी की उपलब्धता, एएनसी जॉंच हेतु केन्द्रो में स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार के साथ ही लाभार्थी के नॉर्मल और सीजेरियन प्रसव कराने की सुविधा निरंतर जिले में बढ़ाई जा रही है।

## विकास महतो ने बूथ पर यूथ को किया मजबूत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भाजपा के प्रदेश मंत्री एवं कोरबा लोकसभा के सह समन्वयक भाजपा नेता विकास महतो द्वारा कोरबा लोकसभा प्रत्याशी सरोज पांडेय की जीत सुनिश्चित करने विभिन्न वार्डों में कार्यकर्ताओं सहित हर वर्ग के लोगों की बैठक ली जा रही है। इस दौरान श्री महतो युवाओं को बूथ मजबूत करने की जिम्मेदारी दे रहे हैं।

**खास बात**

- सांसद प्रत्याशी सरोज को जीताने कार्यकर्ता हुए एकजुट

कोरबा लोकसभा प्रत्याशी सुश्री सरोज पांडेय की जीत को ऐतिहासिक बनाने के लिए श्री महतो ने मोतीसागरपारा शक्ति केंद्र वार्ड नं 7 एवं सीतामणी शक्ति केंद्र वार्ड नं 10 में कार्यकर्ताओं की बैठक ली। बैठक में हर वर्ग के लोग शामिल हुए। प्रदेश मंत्री विकास महतो ने बूथ को मजबूत करने यूथ को जिम्मेवारी



बूथ स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित विकास महतो।

दी है सभी युवा विकास के साथ विकास की राह में चलने एकजुट हो गए हैं। प्रदेश नेतृत्व के निर्णय अनुसार अलग-अलग शक्ति केंद्रों की बैठक आयजित की गई, बैठकों में सभी कार्यकर्ताओं को लोकसभा चुनाव की दृष्टि से बूथ के बारीक बिंदुओं को विस्तार पूर्वक बताया गया। उन्होंने लोगों को चुनावी रणनीति पर विशेष चर्चा हुई। बैठक में कोरबा विधानसभा के संयोजक डॉ. आलोक सिंह, जिला उपाध्यक्ष भाजयुमो रंजू यादव, मोतीसागरपारा शक्ति केंद्र की प्रभारी प्रमिला सागर, संयोजक मनोज साहू, सहसंयोजक बजरंग यादव, विनोद यादव, सभी बूथ के अध्यक्ष, सचिव, बीएलए, पूर्व पार्षद बंशी महिलांगे, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा, कैलाश चौहान, रवि शर्मा एवं सीतामणी शक्ति केंद्र वार्ड नं 10 में उपस्थित वार्ड के पार्षद उर्वशी राठौर, सुजीत राठौर, राजेंद महंत, केडी वैष्णव, आत्माराम गंधर्व, पुष्पराज सिंह, जयनारायण राठौर, वार्ड प्रभारी राकेश अग्रवाल, मनोज गुप्ता, सहसंयोजक गोविंदा, बूथ के अध्यक्ष, सचिव, बीएलए एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बिना कर्म के फल की ईच्छा करना व्यर्थ हैः रमाकांत

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

परमात्मा ने सभी मानव को इस धरा पर अपने-अपने कर्म करने के लिऐ भेजा है और जो कर्म करेगा वही फल पायेगा जो बिना कर्म किए फल की इच्छा करता वो व्यर्थ है। इस धरती पर जो भी जन्म लिया है उसे कर्म करना ही पड़ेगा। भगवान ने किसी को गोरा, काला, आड़ा तिरछा, लम्बा, छोटा गुंगा, बहरा बनाया उसे देख कर हमें हंसना नहीं चाहिए वो जैसा भी है अपने माता-पिता के लाडले, प्यारे हैं जैसे हम अपने माता-पिता के लाडले हैं।

उक्त उद्गार हरदीबाजार माता चौरा में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन भगवान श्रीकृष्ण के बाल लीला,माखन चोरी व



कथा सुनते हुए श्रद्धालुगण।

गोवर्धन लीला का कथा विस्तार करते हुए पं.रमाकांत महाराज के द्वारा उपस्थित श्रोताओं को सुनाया। इस दौरान डॉ. अशोक हरिवंश चतुर्वेदी राष्ट्रीय राम कथा वाचक तेंदुआ धाम शिवरीनारायण कथा श्रवण करने हरदीबाजार पहुंचे। इस दौरान बद्री प्रसाद राठौर श्रीमती प्रेमबाई राठौर, उमेश राठौर, रमा राठौर, लोकेश राठौर, पुष्पा रानी राठौर, कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, मदन राठौर, मुकेश जायसवाल, रघुराज सिंह उईके, पंकज धुरवा, मन्नू सांई राठौर, राजाराम जायसवाल, राजाराम राठौर, जगदीश अग्रवाल, सुरेश राठौर, देवेंद्र राठौर, बाबा राठौर, रवि राठौर, आशा, बबीता, डां गणेश प्रभुवा, दामोदर राठौर, विजय राठौर, अजय राठौर, संतोष राठौर, रघुनाथ, रामनारायण राठौर, रोहित,रविन्द्र, प्रदीप, गजानंद यादव, अशोक सोनी सहित बड़ी संख्या श्रोता उपस्थित थे।

## मतदाता जागरूकता अभियान, निकाली गई रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत के मार्गदर्शन में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है तथा महिला, पुरूष, युवा, बुजुर्ग सहित छात्र-छात्राओं को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु नाटक, रैली, नारा लेखन निबंध, भाषण, पोस्टर तथा अन्य प्रतियोगिताओं के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है।




मतदाता जागरूकता अभियान के तहत सोमवार को नगर निगम द्वारा बालको जोन अंतर्गत मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन कर मतदाताओं को उनके मताधिकार का अनिवार्य रूप से उपयोग करने की दिशा में जागरूक किया गया। इस दौरान निगम के अपर आयुक्त विनय मिश्रा ने मतदाताओं को मतदाता शपथ ग्रहण कराते हुए उन्हें अनिवार्य रूप से मतदान करने तथा अन्य मतदाताओं को इस हेतु जागरूक करने का आग्रह किया।

**कोरबा।** नगर निगम के दर्री जोनांतर्गत भी मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान मानव श्रृंखला का निर्माण कर लोगों व आम मतदाताओं से मताधिकार का उपयोग करने की अपील की गई।

### सिंचाई कालोनी बरपाली में श्रीमद देवी भागवत मूल पाठ ज्ञान यज्ञ में बह रही भक्ति की बयार

# नवविवाहिताओं में मोबाइल दोष, मंगल दोष से भी अधिक अनिष्टकारीः नूतन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बड़ा से बड़ा मंगलदोष मंगल चंडी यज्ञ से समाप्त हो जाते हैं लेकिन आजकल की नवविवाहिता में मंगल दोष नहीं मोबाईल दोष आ गया है। परिवार से ज्यादा मोबाईल में अत्यधिक समय देने की वजह पारिवारिक कलह की स्थिति निर्मित हो रही है, रिश्तों में बिखराव आ रहा है, मोबाईल से उन्हें दूर कर मोबाईल दोष समाप्त करने का प्रयास करना चाहिए , मंगल दोष तो समाप्त हो ही जाता है। ये उससे भी बड़ा दोष है।

उक्त बातें तिलकेजा से पधारे कथाव्यास आचार्य आचार्य (पंडित) नूतन कुमार पाण्डेय ने सिंचाई कॉलोनी



भागवत कथा सुनने पहुंचे बस्तीवासी एवं इनसेट में आचार्य।

बरपाली स्थित मां मड़वारानी मंदिर में चैत्र नवरात्रि के उपलक्ष्य में दीपका निवासी शिवम जायसवाल द्वारा आयोजित श्रीमद देवी भागवत मूल पाठ ज्ञान यज्ञ के सप्तम दिवस आयोजित कथा प्रसंग के दौरान कही। आचार्य श्री पांडेय ने उपस्थित श्रोताओं से कहा कि जब ईर्ष्या जलन का भाव आता है तो समझ लीजिए उसका पतन शुरू हो गया,बिना कर्म के भाग्य का उदय नहीं होता। उन्होंने सुमेरु पर्वत से ईर्ष्या कर उससे ऊंचा होने की चाहत में सूर्य का मार्ग (रौशनी) रोकने वाले विंध्यांचल पर्वत के अहंकार नष्ट होने वाले कथा प्रसंग के दौरान बताया कि कलयुग के मानव के मन में विंध्यांचल की तरह संतुष्टि शांति का भाव नहीं रहता। 1 रुपए मिल जाए तो 100 की चाहत, 100 मिल जाए तो हजार की कामना, हजार मिल जाए तो लाख, लाख मिल जाए तो करोड़ों की इच्छा रहती है। तृष्णा के भाव की वजह से मानव अंसतुष्ट है और जिस मनुष्य के जीवन में संतोष है वही सच्चे मायने में सुखी है। जब ईर्ष्या जलन का भाव आता है तो समझ लीजिए उसका पतन शुरू हो गया,बिना कर्म के भाग्य का उदय नहीं होता। दुर्गा मां राधा संसार की अधिष्ठात्री देवी हैं,करोड़ों जिव्हा,मुख इनकी महिमा का बखान करने में सक्षम नहीं है। सम्पूर्ण चराचर इनके अधीन हैं,इसलिए हमें राधा जी दुर्गा जी की नित्य पूजा अर्चना करनी चाहिए।

## कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज

नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षों से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

## खबर संक्षेप



### सड़क चौड़ीकरण सर्वे के लिए दल का गठन

**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत ने परसाभाठा बालको से बजरंग चौक तक सड़क चौड़ीकरण सर्वे किए जाने एवं प्राक्कलन तैयार किए जाने हेतु दल का गठन किया है। कलेक्टर द्वारा गठित दल में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कोरबा, अपर आयुक्त नगर निगम, जिला परिवहन अधिकारी, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग, कार्यपालन अभियंता छग रावि वितरण कम्पनी, अनुविभागीय अधिकारी (विद्युत/यांत्रिकी) शामिल हैं। उक्त दल को एक सप्ताह के भीतर सर्वे कर प्राक्कंलन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

### डीएसपीएम संयंत्र में अग्निशमन सप्ताह शुरु



**कोरबा।** उत्पादन कंपनी के डीएसपीएम संयंत्र में 15 अप्रैल को संयंत्र के कार्यपालक निदेशक डॉ. हेमंत सचदेव के मुख्य आतिथ्य, अतिरिक्त मुख्य अभियंता राजेश्वरी रावत के अध्यक्षता एवं अतिरिक्त मुख्य अभियंता अंजना कुजुर तथा संजीव कंसल, एलएन सूर्यवंशी एवं वरिष्ठ मुख्य रसायनज्ञ मालती जोशी की उपस्थिति में अग्निशमन सप्ताह का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यपालक निदेशक द्वारा अग्निशमन सेवा ध्वजारोहण कर एवं उपस्थित सभी अधिकारियों कर्मचारियों एवं ठेका श्रमिकों को शपथ दिलाकर किया गया। इस अवसर पर संयंत्र के ईडी डॉ सचदेव के कर कमलों द्वारा अग्निशमन सुरक्षा मार्ग दिग्दर्शिका का विमोचन किया गया। श्री सचदेवा ने कहा कि छोटी-छोटी गलतियॉं, बड़ा रूप धारण कर लेती है, अग्नि दुर्घटना से बचने हेतु जागरूक रहने तथा औरों को भी जागरूक करने की बात कही, तब ही हम संयंत्र क्षेत्र में शून्य दुर्घटना के लक्ष्य को प्राप्त कर सकेंगें। कारखाना प्रबंधक संजीव कंसल ने कहा कि अग्निशमन कर्मियों का अग्निवीर के नाम से संबोधन कर सम्मान किये जाना चाहिए। इस दौरान अंजना कुजुर ने कहा आपातकाल के लिए सिर्फ फायर सेफ्टी ही नहीं हम सभी को सजग रहना चाहिए। राजेश्वरी रावत ने कहा हमारे संयंत्र के दमकल कर्मी अपने कार्य के लिए सदैव तत्पर रहते हैं साथ ही संयंत्र के अलावा जिला स्तर की अग्नि दुर्घटनाओं को रोकने के लिए पूरी सजगता से सहभागिता निभाते हैं। इस दौरान एलएन सूर्यवंशी एवं कार्यपालन अभियंता अतुल गुप्ता ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

### ट्रेनों के रद्द पर लेटलतीफी का तड़का, यात्री हो रहे बेहाल

**कोरबा।** चैत्र नवरात्रि का पर्व चल रहा है। इसको लेकर ट्रेनों में यात्रियों की संख्या बढ़ गई है। इधर ट्रेनों के लेटलतीफी से यात्री पहले से परेशान हो रहे हैं। ऐसे समय में ट्रेनों के रद्द होने पर उनकी समस्या और बढ़ गई है। रायपुर रेल मंडल के सिलयारी एवं माढर रेलवे स्टेशनों के मध्य लेवल क्रॉसिंग पर गर्डर लॉचिंग का काम किया जाना है। इसके लिए ब्लॉक लिया गया है। इसके लिए लगभग 22 यात्री ट्रेनों को प्रभावित किया गया है।इसमें 19 गाडिय़ों को रद्द किया गया है। इसके अलावा दो गाडिय़ों को परिवर्तित मार्ग से चलाया जाएगा। इसमें बिलासपुर-कोरबा से होकर चलने वाली चार ट्रेन भी शामिल हैं। 14 अप्रैल एवं 15 अप्रैल को कोरबा से नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) व 15 एवं 16 अप्रैल को नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) से बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द है।

### कुत्ते से काटने से हुआ जख्मी मालिक पर जुर्म दर्ज

**कोरबा।** दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत प्लाट नं. 135 फेस 3 पावर सिटी कालोनी जमनीपाली निवासी परमेश्वर प्रसाद तिवारी उम्र 68 वर्ष पिता स्व0 दुर्गा प्रसाद तिवारी सोमवार की सुबह लगभग 8.15 बजे अपने घर के बगल में मोटर साइकल को धो रहा था उसी समय परमेश्वर प्रसाद का पड़ोसी पी. किस्पोट्टा अपने घर के सामने खड़ा था साथ में उसका पालतू कुत्ता भी वहीं पर था जो बंधा नहीं था उसी समय पी0 किसपोट्टा परमेश्वर की तरफ हाथ से इशारा किया तो कुत्ता परमेश्वर पर हमला कर दिया और काट दिया। कुत्ते के काटने से परमेश्वर के दाहिने एवं बाये भुजा, बाया हाथ में हथेली एवं कोहनी के पास चोट लगा है। परमेश्वर प्रसाद की रिपोर्ट पर पुलिस ने कुत्ता के मालिक के विरुद्ध धारा 289 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

### अज्ञात कारणों के चलते युवक ने फांसी लगाकर कर ली खुदकुशी

**कोरबा।** दीपका थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रंजना निवासी सर्वेस कुमार 25 वर्ष पिता राजू राम ने सोमवार की दोपहर अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। घटना की सूचना मिलने पर दीपका पुलिस की टीम मौके पर पहुंची थी। जहां मामले में वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। युवक ने किन कारणों के चलते यहां आत्मघाती कदम उठाया है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है।

---

बोर्ड को भेजी गई कॉपियां और अंकतालिका

# 21 दिन में जांची गई बोर्ड परीक्षाओं की तीन लाख से अधिक उत्तरपुस्तिकाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हाई सेकेंडरी व हाई स्कूल बोर्ड परीक्षाओं की कॉपियों का मूल्यांकन कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इस वर्ष जिले को 3 लाख से अधिक कॉपियां बोर्ड को भेजी गई थी। शहर में मूल्यांकन हेतु साडा कन्या हाई स्कूल और एनसीडीसी हाई स्कूल को मूल्यांकन केंद्र बनाया गया था। 23 मार्च से शुरु हुआ मूल्यांकन कार्य 14 अप्रैल तक दोनों केंद्रों में चलता रहा।

**खास बात**

- 3 लाख से अधिक कांपियां मूल्यांकन के लिए पहुंची थी जिला मुख्यालय



मूल्यांकन करते शिक्षक।

**मूल्यांकन कार्य समय पर हुआ**

बोर्ड परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य 14 अप्रैल तक पूर्ण करना था जो समय पर पूर्ण कर लिया गया है। साडा कन्या और एनसीडीसी मूल्यांकन केंद्र बनाए गए थे। दोनों केंद्रों में 3 लाख से अधिक कॉपियां पहुंची थी।

**-रणधीर सिंह,** प्राचार्य एवं प्रभारी साडा कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा बोर्ड परीक्षाओं के मूल्यांकन कार्य लगभग सभी जिलों में पूर्ण कर लिया गया है। विभागीय सूत्रों की मानें तो 7 मई के बाद कभी भी बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए जा सकते हैं। विभागीय सूत्रों का कहना है कि मूल्यांकन कार्य प्रदेश के सभी जिलों में 14 अप्रैल तक पूर्ण करने के बाद पूरी रिपोर्ट माध्यमिक शिक्षा मंडल मुख्यालय को भेज दी गई है और अब अंकसूची तैयार करने का कार्य माध्यमिक शिक्षा मंडल में किया जाएगा। जिले में इस वर्ष 3 लाख से अधिक कॉपियां मूल्यांकन के लिए भेजी गई थी। शहर में साडा कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल, एनसीडीसी हायर सेकेंडरी स्कूल में मूल्यांकन कार्य 23 मार्च से शुरु किया गया था जो 14 अप्रैल को समाप्त हुआ है। प्रत्येक मूल्यांकन केंद्र में 300 से अधिक शिक्षकों के द्वारा मूल्यांकन कार्य किया जा रहा था। प्रत्येक केंद्रों से मूल्यांकन की रिपोर्ट एवं मूल्यांकन कार्य करने वाले शिक्षकों की उपस्थित प्रतिदिन ऑनलाइन माध्यमिक शिक्षा मंडल को भेजी जा रही थी। 15 अप्रैल को मूल्यांक से सबंधित सभी दस्तावेज माध्यमिक शिक्षा मंडल को भेज दिया गया है।

**किस केंद्र में कितनी कॉपियां भेजी गई**

**साडा कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल**

| | |
|---|---|
| प्रथम चरण | |
| 0 हाईस्कूल | 63629 |
| 0 हायर सेकेंडरी | 40207 |
| कुल | 103836 |
| द्वितीय चरण में | |
| 0 हाईस्कूल | 11461 |
| 0 हायर सेकेंडरी | 9966 |
| कुल योग | 21427 |

**एनसीडीसी स्कूल**

| | |
|---|---|
| प्रथम चरण | |
| 0 हाईस्कूल | 90268 |
| 0 हायर सेकेंडरी | 52471 |
| कुल | 142739 |
| द्वितीय चरण में | |
| 0 हाईस्कूल | 18852 |
| 0 हायर सेकेंडरी | 14911 |
| कुल योग | 33163 |

---

# मड़वारानी के पास रेलवे ट्रैक पर मिली लाश, जांच में जुटी पुलिस



घटनास्थल का निरीक्षण करते आरपीएफ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मड़वारानी के पास रेलवे ट्रैक पर एक युवक की संदिग्ध परिस्थिति में लाश मिली। बताया जा रहा है कि रेलवे ट्रैक पर युवक की लाश देखी गई। मालगाड़ी के ड्राइवर ने पहले स्टेशन मास्टर को इसकी सूचना दी। इसके बाद कोरबा रेलवे आरपीएफ को इसकी जानकारी दी गई। आरपीएफ पुलिस ने घटनाक्रम की जानकारी ली।रेलवे आरपीएफ की मानें तो युवक की उम्र लगभग 25 साल की होगी। ऊपर इनर और नीचे जींस पहना हुआ है।

घटना के बाद आरपीएफ पुलिस अपने स्तर पर पहचान करने की कोशिश कर रही है। वहीं पहचान के लिए आसपास ग्रामीणों को मौके पर बुलाया गया, लेकिन युवक की पहचान नहीं हो पाई। वहीं कोटवार के माध्यम से पहचान के लिए आगे की कार्रवाई की जा रही है।रेलवे आरपीएफ स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरे की मदद से जानने की कोशिश कर रही है कि वह कब, कैसे और किन परिस्थितियों में घटना स्थल पहुंचा। युवक के सिर पर चोट के निशान पाए गए हैं। बताया जा रहा है कि युवक की मौत रेलवे ट्रैक पर गिरने से भी हो सकती है। स्टेशन मास्टर से पूछताछ में बताया कि युवक पहली बार स्टेशन के पास देखा गया है। उसके बाद हादसा कब, कैसे और और किन परिस्थिति में हुई है इसकी कोई जानकारी नहीं है। वहीं रेलवे आरपीएफ ने इसकी सूचना उरगा थाना पुलिस को भी दी है। उरगा थाना पुलिस ने जांच कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस भी अपने स्तर पर आसपास लोगों से पूछताछ कर रही है।कुछ लोगों का कहना है कि युवक की मौत सामान्य नहीं बल्कि कुछ अनहोनी हुई होगी। युवक की मौत को लेकर कई प्रकार की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल रेलवे आरपीएफ पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल रवाना कर दिया है।

---

# चौबीस घंटे रामनाम संकीर्तन साप्ताहिक जाप 7वें दिन भी जारी



भजन कीर्तन में लीन ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

रामनाम संकीर्तन साप्ताहिक जाप का लगातार पचासों वर्ष की भांति इस वर्ष भी धर्म नगरी छुरी के साप्ताहिक बाजार के पास राम चबूतरा में राम नाम साप्ताहिक कीर्तन जाप का आयोजन किया गया है। इस आयोजन में छुरी नगर पंचायत के सभी समाज के लोगों का सहयोग होता है, यह आयोजन लगातार 24 घण्टे चलता रहता है जिसमें करीब 12 समाज के लोगों का संगठन बनाया गया है जिसमें सभी समाज के लोगों को अपने अपने संगठन के साथ दो दो घण्टे का समय दिया जाता है जिसमें संगठन के सभी लोगों को मंदिर के अंदर मंदिर की परिक्रमा लगाते हुए राम नाम का जाप करना होता है इस प्रक्रिया को सभी समाज के लोग क्रमवार हर दो दो घण्टे करते हैं यह राम नाम का जाप चौबीसों घण्टे लगातार 7 दिवस तक चलता रहता है जिसकी शुरुआत 10 अप्रैल से की गई थी जिसका समापन 17 अप्रैल को रामनवमी के दिन किया जाएगा व अगले दिवस 18 अप्रैल को पूरे नगरवासियों सहित आम राहगीरों के लिए प्रसाद स्वरूप भंडारे का वितरण किया जाएगा। छुरी निवासी राजकुमार अग्रवाल ने बताया कि इस धार्मिक अनुष्ठान में किसी भी समाज के सांथ किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाता है सभी समाज के लोगों से पहले उनसे समय ले लिया जाता है उसी हिसाब से सभी समाज के लोगों को क्रमवार मंदिर के अंदर रामनाम का कीर्तन करते हुए परिक्रमा लगाना होता है जो कि चौबीस घण्टे तक लगातार चलते रहता है इस आयोजन में छुरी के सभी नागरिकों का सहयोग रहता है।

---

# सप्तमी पर अंचल के देवी मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

चैत्र नवरात्रि के सप्तमी तिथि पर सोमवार को मां मड़वारानी मंदिर से लेकर चैतुरगढ़ मां महिषासुर मर्दिनी मंदिर में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। शहर के सर्वमंगला मंदिर, भवानी मंदिर में भी दर्शानार्थी आदिशक्ति के आराधना के लिए पहुंचे हुए थे। सप्तमी के अवसर पर मां सर्वमंगला मंदिर में भंडारे का आयोजन किया गया।

**खास बात**

- मां मड़वारानी से लेकर चैतुरगढ़ पहाड़ में पहुंचे भक्त





दर्शन के लिए कतार में खड़े भक्त।

सप्तमी तिथि बंसती नवरात्रि पर्व पर माँ मड़वारानी पहाड़ ऊपर मुख्य मंदिर मुख्य स्थान में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर मत्था टेका और सुख समृद्धि की मनोकामनाएं मांगी। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने लाइन में खड़े होकर दर्शन के लिए लगे हुए है माँ मड़वारानी में सप्तमी अष्टमी तिथि का विशेष महत्व रहता है। सोमवार को अर्धरात्रि के विशेष भोग परवाना दिया गया। जिसको देखने सैकड़ों लोग मंदिर पहुंचे थे। दर्शन के लिए सुबह से ही भक्तों की कतार लग गई थी। आदिशक्ति की आराधना में लीन कुछ महिलाओं ने लेटकर मंदिर पहुंचकर दर्शन किए। इस अवसर पर कुछ भक्त मंदिर के पीछे पहाड़ में बड़ी संख्या में लंगूर मौजूद थे।

दर्शन के लिए पहुंचे भक्तों ने लंगूरों को चना एवं अन्य प्रसाद खिलाया। केला सेव नारियल लाई मिठाई अन्य फल फूल अपने अपने हाथो से खिला कर खूब आनंद ले रहे थे। वहीं माँ मड़वारानी मंदिर कलमी पेड़ के पीछे बड़ी संख्या में लोग सिक्के चिपका कर आनंद ले रहे है। इसके अलावा सर्वमंगला मंदिर में भंडारे का आयोजन किया गया था जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु भंडारे में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किए। भक्तों की भीड़ को देखते हुए भारी वाहनों को भी मार्ग में प्रतिबंधित किया गया था। मंगलवार को अष्टमी का दिन होने के कारण दर्शनार्थियों की मंदिरों में भीड़ रहेगी। अनुष्ठान के साथ भोग भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
फेस लिफ्ट
■ बोटाक्स-फिलर
■ थ्रेड लिफ्ट
■ स्किन पॉलिशिंग
■ लेज़र फेशियल
Ajay Advt.
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060

---

# सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ मनाया गया बंग समाज का नव वर्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मेहर वाटिका में रविवार की शाम 7 बजे से कोरबा बंग समाज के सदस्यों द्वारा बांग्ला नववर्ष उत्सव के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में कोरबा बंग समाज के सदस्यों एवं उनके परिवारों द्वारा संपूर्ण बांग्ला भाषा में गीत, नृत्य एवं आवृति की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। लगभग 800 की संख्या में कोरबा बंग समाज के परिवारों ने मंत्रमुग्ध कर देने वाली सांस्कृतिक कार्यक्रम का लुफ्त उठाया।

नव वर्ष के कार्यक्रम का शुभारंभ कोरबा बंग समाज के अध्यक्ष डॉ केसी देवनाथ, डॉ आशीष पाल, गोपाल खस्तगीर, टीडी सेन एवं श्रीमती शिप्रा दास द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रारंभ मधुमिता घटक के रविंद्र संगीत से हुआ। उसके पश्चात नृत्य में रोशनी मंडल, प्रिया गोरायी, रिया मुखर्जी, श्रेयसी सरकार, रितिका शीट, सपना बासु, मयुख मुखर्जी, सायोनी भट्टाचार्य, रिमझिम भट्टाचार्य ने प्रमुख रूप से लोक नृत्य एवं भरतनाट्यम की प्रस्तुति दी। प्रख्यात तबला वादक एवं केएन कॉलेज के प्रोफेसर डॉ कुणाल दासगुप्ता अपने शिष्यों के साथ कथक नृत्य का लाइव प्रस्तुति दी जिसने लोगों का मनमोह लिया। गायन में अतिन मंडल, शंकर बासु, अपूर्वा, अमित बनर्जी, इशिता पाल, स्मरणी बासु, मौसमी पाल एवं आवृत्ति में मीनाक्षी बासु राय ने दर्शकों का अपनी प्रस्तुति से दिल जीत लिया। संपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम के मंच संचालन की जिम्मेदारी डीएवी एसईसीएल कोरबा की शिक्षिका श्रीमती काकोली डे बाला, संजय घोष एवं जय मुखर्जी ने मिलकर परिष्कृत बांग्ला भाषा में किया। विनोद डे एवं शैलेंद्र के हरफनमौला ग्रुप द्वारा एलईडी स्क्रीन ने मंच की सुंदरता पर चार चांद लगया।



सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देती महिलाएं।

हरिभूमि बिलासपुर संभाग नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

---

कैबिनेट मंत्री देवांगन ने ली दर्री मंडल के वार्डों में नुक्कड़ सभा

# चुनाव में कांग्रेस फिर से लेकर आई झूठ का पुलिंदा : लखनलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

चुनाव की बारी आई है तो कांग्रेस फिर से झूठ का पुलिंदा लेकर आ गई है।। अब कांग्रेस कह रही है की हर महिला को सालाना 1 लाख देगी, जब इनकी सरकार थी तब तो कांग्रेस ने दिया नही अब क्या कोयले और चावल मे भ्रष्टाचार का पैसा से कांग्रेस राशि देगी। कांग्रेस का एक ही काम है, झूठ बोलो और लूट खसोट करो।

उक्त बातें उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने सोमवार को लाटा बस्ती में आयोजित नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए कहा। उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। प्रगतिनगर गेट तीन में आयोजित नुक्कड़ सभा में वाणिज्य, उद्योग और श्रम मंत्री देवांगन शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा की लोकसभा चुनाव में भाजपा को वोट दे, मोदी जी को वोट दें, ताकि कोरबा का स्वर्णिम काल आ सके। ये पहली बार होने जा रहा है। जब प्रदेश में भाजपा की सरकार है, आप सभी ने विधानसभा चुनाव में वोट देकर कोरबा का विधायक और संगठन ने मंत्री का दायित्व दिया है, अब अगर कोरबा में भाजपा की सांसद जीतकर आती है तो राज्य और केंद्र सरकार दोनों से कोरबा के विकास के लिए राशि स्वीकृत होगी।

इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, युवा मोर्चा के महामंत्री और पार्षद नरेंद्र देवांगन, दर्री मंडल अध्यक्ष ईश्वर साहू, पूर्व पार्षद डा आर सी पांडेय, वरिष्ठ भाजपा नेत्री उमा भारती शराफ़, तुलसी ठाकुर, नारायण ठाकुर, पार्षद बुधवार यादव, राधे यादव समेत अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



सभा को संबोधित करते उद्योग मंत्री लखन देवांगन।

**लापता सांसद को दें करारा जवाब**

मंत्री श्री देवांगन ने चोरभट्टी में आयोजित नुक्कड़ सभा में कहा की पिछले बार लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को वोट देकर जनता पांच साल तक परेशान रही। सांसद ने पांच साल तक अपना चेहरा तक नहीं दिखाया। इस चुनाव में फिर से लापता सांसद कांग्रेस की प्रत्याशी मैदान में हैं, आपने बीते पांच साल से जितनी भी समस्या झेली है उसका हिसाब 7 मई को वोट देकर करिए। ताकि 4 जून को जब वोटो की गिनती होगी तब भाजपा को झारमझार वोट मिले।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 18,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच
20 मई से 02 जून 2024, 24 मई से 06 जून 2024, 26 मई से 08 जून 2024, 29 मई से 11 जून 2024
05 जून से 18 जून 2024
राशि:-स्लीपर-18500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411